# वार्षिक कार्य योजना 2024 - 25

अप्रैल-

नवसत्र प्रारंभ-

विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विद्यालय में नन्हे शिशुओं के नामांकन में बढोत्तरी हेतु प्रचार-प्रसार किया जाएगा ।इसी माह में शिशुओं की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, सी टी नर्सरी प्रथम वर्ष ,द्वितीय वर्ष और नर्सरी के बच्चों का शिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ ।

सी टी प्रथम वर्ष की छात्राओं के स्वागत हेतु  द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा फ्रेशर पार्टी प्रस्तावित। साथ में नन्हे शिशुओं का भी स्वागत व परिचय कार्यक्रम

मंगल पांडे जी की पुण्यतिथि -

8 अप्रैल के दिन स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धा मंगल पांडे की पुण्यतिथि पर उनके द्वारा देश के लिए दिए गए बलिदान को याद किया जाएगा। कक्षा में उक्त विषय पर चर्चा की जाएगी ।

जलियांवाला बाग नरसंहार दिवस-

13 अप्रैल जलियांवाला बाग नरसंहार दिवस पर कक्षा में तत्कालीन परिस्थितियों पर चर्चा परिचर्चा आयोजित की जाएगी।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती-

14 अप्रैल अंबेडकर जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर प्रधानाचार्या द्वारा तिलक, माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी एवं शिक्षक वर्ग अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालेंगे और उनके मार्ग पर चलने का संदेश भी देंगे। सी टी नर्सरी प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष की छात्राओं के द्वारा सम्बन्धित विषय से रोलप्ले(नाटक) प्रस्तुत किए जाएंगे और छात्राध्यापिकाओं द्वारा नन्हे शिशुओं को भी उक्त अवसर से परिचित कराया जाएगा ।

मॉडल टीचिंग-

कक्षा शिक्षण से परिचित कराने के लिए नवआगंतुकों (सी टी प्रथम वर्ष) की छात्राओं को शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा मॉडल टीचिंग दी जाएगी ।

मई

टी एल एम कोना -

प्रत्येक विषय से संबंधित कक्षा शिक्षण कक्ष के वातावरण सजाने के लिए कोना निर्माण किया जाएगा जिसके द्वारा छत्राध्यापिकाओं को शिक्षण कार्य को प्रभावी बनाने में मदद मिल सकेगी ।

ग्रीष्मावकाश

20 मई से नन्हे शिशुओं का ग्रीष्मावकाश प्रस्तावित ।

प्रतियोगिता सप्ताह-

सी टी नर्सरी की द्वतीय वर्ष की छात्राओं का प्रतियोगिता सप्ताह आरंभ होगा जिसके अंतर्गत वाद विवाद ,कविता ,आशु भाषण, रंगोली,लोक गीत, लोक नृत्य, सुलेख, हस्तकला, खेल प्रतियोगिताएं होना शामिल है और विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस-

तंबाकू निषेध दिवस पर सी टी  प्रथम वर्ष एवम द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा चार्ट निर्माण कार्यक्रम और तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के विषय पर भी चर्चा , परिचर्चा की जाएगी । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को धूम्रपान के जरिए उनके स्वास्थ्य पर तंबाकू के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना और शिक्षित करना है।

जून

विश्व पर्यावरण दिवस -

पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा ।प्रधानाचार्या,शिक्षक शिक्षिकाओं और छत्राध्यापिकाओं के साथ मिलकर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । इस दिवस को आयोजित करके सभी को प्रदूषण की समस्या से अवगत कराना है और विद्यार्थियों के मध्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया जाता है ।इसी अवसर पर भाषण ,स्लोगन, लेखन,गीत एवं पेपर बैग निर्माण इत्यादि कार्यक्रम प्रस्तावित ।

योग दिवस-

21 जून योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षण द्वारा सामूहिक रूप से योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

।

जुलाई-

नन्हे शिशुओं द्वारा ग्रीष्मावकाश उपभोग करने के बाद 1 जुलाई से शिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा और ततपश्चात सी टी प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष की छात्राओं का टीचिंग कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा।

चंद्र शेखर आजाद जयंती-

23 जुलाई चंद्रशेखर आजाद जयंती के अवसर पर कक्षा में चर्चा , परिचर्चा होगी। चंद्रशेखर आजाद के संघर्षों पर आधारित निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की जाएगी ।

कारगिल विजय दिवस –

26 जुलाई कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों की याद में छत्राध्यापिकाओं द्वारा देश भक्ति गीत, कविता,कहानी और महापुरुषों की वीरगाथा पर चर्चा, परिचर्चा प्रस्तावित तथा प्रधानाचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छत्राध्यापिकाओं के द्वारा मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि,पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी ।

गृह परीक्षा-

अर्धवार्षिक परीक्षा-

जुलाई के अंतिम सप्ताह में सी टी प्रथम वर्ष सी टी द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिकाओं की सैद्धांतिक व प्रयोगात्मक परीक्षा प्रस्तावित।

अगस्त

स्वतंत्रता दिवस-

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा ध्वजारोहण। सामूहिक राष्ट्रगान, नारे के पश्चात शिक्षा मंत्री और एससीआरटी द्वारा प्रेषित संदेश प्रधानाचार्या द्वारा पढ़ा जाएगा। अन्य कार्यक्रम के अंतर्गत झंडा निर्माण ,रंगोली प्रतियोगिता इत्यादि प्रस्तावित । नन्हें शिशुओं द्वारा सामूहिक रूप से देशभक्ति से जुड़े अन्य कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी ।सी टी नर्सरी प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिकाओं का तीन दिवसीय स्वतंत्रता दिवस प्रोजेक्ट समापन होगा ।

रक्षाबंधन प्रोजेक्ट-

तीन दिवसीय रक्षाबंधन प्रोजेक्ट के अंतर्गत छात्राअध्यापिकाओं द्वारा शिशुओं को त्योहार से परिचित कराने हेतु रक्षाबंधन की कहानी,भावगीत,राखी निर्माण के साथ-साथ एक दूसरे के हाथ पर राखी बांधकर रक्षाबंधन प्रोजेक्ट का समापन किया जाएगा ।

वर्षा मंगल प्रोजेक्ट-

एकदिवसीय वर्षा मंगल प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रधानाचार्या ,शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्राध्यापिकाओं एवं शिशुओं के द्वारा फल फूल के पौधे लगाए जाएंगे। सी टी नर्सरी छात्राओं की मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा । नन्हे शिशुओं को मौसम से परिचित कराने के लिए वर्षा गीत एवं भाव गीत भी कराए जाएंगे । इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी को  पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

सितंबर

शिक्षक दिवस-

5 सितंबर को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण, तिलक और पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी तत्पश्चात प्रधानाचार्या द्वारा शिक्षकों की महिमा और कर्तव्य पर प्रकाश डाला जाएगा। छात्राओं द्वारा अपने शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मान देने के लिए प्रेरणास्पदी कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा । शिक्षकों के महत्व पर सुंदर भाषण, कविताएं,संस्मरण, गीत इत्यादि प्रस्तावित।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी प्रोजेक्ट-

इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत  शिशुओं को त्यौहार से परिचित कराने हेतु कृष्ण की कहानी, भावगीत के साथ मोर, मुकुट, बांसुरी,पालना, मटकी निर्माण, कृष्ण की झांकी, पूजा, अर्चना एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम प्रस्तावित।

हिंदी दिवस –

14 सितंबर हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर संबंधित कविता, कहानी, भाषण प्रतियोगिता  आयोजित किए जाएंगे।

अक्टूबर -

गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती-

गांधी जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानाचार्या द्वारा गांधी जी व शास्त्री जी के चित्र का अनावरण, तिलक, माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी । छात्राध्यापिकाओं का तीन दिवसीय प्रोजेक्ट भी होगा । इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत नन्हे शिशुओं को खड़ाऊ, चरखा, चश्मा ,बनाने के साथ ही इसके प्रयोग से भी परिचित कराया जाएगा। महात्मा गांधी के प्रिय भजन सामूहिक रूप गाए जाएंगे।

दशहरा प्रोजेक्ट-

संबंधित प्रोजेक्ट के अंतर्गत छात्राध्यापिकाओं द्वारा शिशुओं को त्यौहार से परिचित कराने के लिए तीर, धनुष, तरकश ,माला, मुकुट इत्यादि वस्तुएं बनवाई जाएंगी । संबंधित विषय से कहानी, भाव गीत होंगे। नन्हे शिशुओं को सजाकर राम दल की भव्य झांकी का निकाली जाएगी।

सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती-

शपथ कार्यक्रम-

राष्ट्रीय एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रधानाचार्या ,शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्राध्यापिकाओं के साथ मिलकर सामूहिक रूप से शपथ कार्यक्रम प्रस्तावित।

नवंबर

दीपावली प्रोजेक्ट-

नन्हे शिशुओं को त्यौहार से परिचित कराने के लिए पांच दिवसीय प्रोजेक्ट के अंतर्गत कहानी, भावगीत, मिट्टी का घरौंदा बनवाना, दीए की सजावट, रंगोली बनाना कार्यक्रम होंगे । लक्ष्मी पूजन, आरती एवम प्रसाद वितरण के साथ प्रोजेक्ट का समापन होगा ।

बाल मेला -

देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है । इस उपलक्ष्य में प्रधानाचार्या द्वारा नेहरू जी के चित्र पर तिलक, माल्यार्पण किया जाएगा । विद्यालय के प्रांगण में बाल मेला का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्राध्यापिकाओं के साथ मिलकर खाने-पीने की दुकान ,हस्तशिल्प कला की दुकान,और मनोरंजन के भी स्टॉल लगाए जाएंगे। इसी अवसर पर नन्हे शिशुओं के अभिभावकों को भी शामिल किया जाएगा ।

संविधान दिवस-

सी टी प्रथम वर्ष एवम द्वितीय वर्ष की छात्राओं को सामूहिक रूप से एकत्रित करके संविधान दिवस पर चर्चा परिचर्चा कार्यक्रम प्रस्तावित।

दिसंबर

मानव अधिकार दिवस-

सी टी नर्सरी छात्राध्यापिकाओं को शिक्षकों द्वारा मानव अधिकारों की जानकारी दी जाएगी । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानव अधिकारों को सुरक्षित व सरंक्षित रखने के लिए सभी को जागरूक करना है ताकि किसी के मूलभूत अधिकारों का हनन ना हो सके तथा किसी भी प्रकार का भेदभाव, बाल विवाह, अंधविश्वास अन्य कुरीतियों के खिलाफ छात्राओं को जागरूक किया जा सकें।

जनवरी

गणतंत्र दिवस -

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानाचार्या द्वारा झंडारोहण ।सामूहिक रूप से राष्ट्रगान, नारे।छात्राध्यापिकाओं द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य इत्यादि प्रस्तुत किए जाएंगे । प्रधानाचार्य द्वारा शिक्षा मंत्री और और SCERT से प्रेषित संदेश भी पढ़ा जाएगा।

गृह परीक्षा-

महीने के अंतिम सप्ताह में सी टी नर्सरी प्रथम वर्ष की छात्राओं की वार्षिक परीक्षा प्रस्तावित ।

फरवरी

चौरी चौरा कांड-

4 फरवरी को गोरखपुर में हुए चौरी चौरा कांड के विषय में शिक्षकों द्वारा छात्राध्यापिकाओं जानकारी दी जाएगी और स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित प्रमुख महापुरुषों के विषय में भी बताया जाएगा।विषय से सम्बंधित चार्ट भी बनवाये जाएंगे।

बालक्रीडा –

बाल मंदिर के शिशुओं के लिए इसी माह में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा ।बच्चों के प्रोत्साहन हेतु  पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होंगें।

शैक्षिक भ्रमण -

सी टी नर्सरी द्वितीय वर्ष की छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित।

विदाई समारोह -

सी टी नर्सरी द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिकाओं की विदाई समारोह कार्यक्रम, साथ में प्रमाण पत्र एवम पुरस्कार वितरण कार्यक्रम प्रस्तावित।

मार्च-

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-

8 मार्च को महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं के सशक्तिकरण के विषय में शिक्षकों द्वारा जानकारी दी जाएगी ।छात्रा- ध्यापिकाओं  द्वारा

विभिन्न कार्यक्रम जैसे भाषण, कविता, कहानी इत्यादि कार्यक्रम प्रस्तावित

होली प्रोजेक्ट- इस पांच दिवसीय प्रोजेक्ट के अंतर्गत छात्राध्यापिकाओं द्वारा होली  से संबंधित वस्तुएं पिचकारी, टोपी, बाल्टी, गुझिया, पापड ,आदि शिशुओं को बनाना सिखाना और  होली से सम्बंधित कहानी भावगीत कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत गत वर्षों की भांति संस्थान द्वारा सेवारत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षकों हेतु विभिन्न विषयों पर आधारित प्रशिक्षण,कार्यशालाएं एवं सेमिनार इत्यादि कार्यक्रम प्रस्तावित ।**